| |
|---|
| प्रेस नोट–207/2026 |
| दिनांक 15.04.2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद सम्भल/थाना धनारी**

- **पुलिस कार्यवाही में 01 लाख रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 14.04.2026 को थाना धनारी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर आर्थल टिकटा रोड गौरीपुरा तिराहा के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त अरविन्द घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल बरामद हुई। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना धनारी पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जोन स्तर से 01 लाख रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना धनारी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अरविन्द निवासी ग्राम रझैडा सलेमपुर थाना कैलादेवी जनपद सम्भल।

**बरामदगी**

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

2–01 मोटर साइकिल।

## जनपद महराजगंज/थाना श्यामदेउरवां

- **05 शातिर साइबर अपराधी गिरफ्तार**
- **318 मोबाइल फोन, 110 मोबाइल मदर बोर्ड, 05 अन्य मोबाइल फोन नगद रूपये आदि**
- **05 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 15.04.2026 को थाना श्यामदेउरवां व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर परतावल नहर पटरी के पास से 05 शातिर साइबर अभियुक्तों 1–विकेश कुमार 2–रमाकांत 3–बृजबिहारी 4–मुन्ना कुमार 5–रामदरश को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 318 मोबाइल फोन, 110 मोबाइल मदर बोर्ड, 05 अन्य मोबाइल फोन, नगद रूपये आदि, 05 मोटर साइकिल बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जो गांव–गांव घूमकर फेरी लगाकर लोगों के पुराने मोबाइल फोन के बदले कंबल या बर्तन देकर मोबाइल फोन इकट्ठा कर, उसे साइबर अपराधियों को बेच देते है, जिनके द्वारा फोन से मदर बोर्ड में इनबिल्ट आईएमईआई के इस्तेमाल कर साइबर फ्रॉड जैसी घटनाएं कारित की जाती है।

इस सम्बन्ध में थाना श्यामदेउरवां पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–विकेश कुमार निवासी लक्ष्मीपुर नया टोला थाना सुगौली जनपद पूर्वी चम्पारण बिहार।

2–रमाकांत निवासी रोशनपुर सपहा थाना सुगौली जनपद पूर्वी चम्पारण बिहार।

3–बृजबिहारी निवासी अजगरवा थाना बंजरिया जनपद मोतिहारी बिहार।

4–मुन्ना कुमार निवासी लक्ष्मीपुर नया टोला थाना सुगौली जनपद पूर्वी चम्पारण बिहार।

5–रामदरश निवासी रोशनपुर सपहा थाना सुगौली जनपद पूर्वी चम्पारण बिहार।

**बरामदगी**

1–318 मोबाइल फोन, 110 मोबाइल मदर बोर्ड, 05 अन्य मोबाइल फोन, नगद रूपये आदि।

2–05 मोटर साइकिल।

**कमिश्नरेट वाराणसी/थाना लालपुर पाण्डेयपुर**

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **88 किलोग्राम अवैध गांजा**
- **नगद रूपये, 01 मोबाइल फोन**
- **01 बोलेरो वाहन आदि बरामद**

दिनांक 15.04.2026 को थाना लालपुर पाण्डेयपुर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पहड़िया मण्डी के पास से अभियुक्त कपिलदेव को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 88 किलोग्राम अवैध गांजा, नगद रूपये, 01 मोबाइल फोन, 01 बोलेरो वाहन आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–कपिलदेव निवासी रसूलपुर थाना शिकारपुर जनपद बुलन्दशहर, हालपता डी ब्लॉक जे0जे0 नगर कॉलोनी नेहरू बिहार तिमारपुर उत्तरी दिल्ली।

**बरामदगी**

1–88 किलोग्राम अवैध गांजा।

2–नगद रूपये, 01 मोबाइल फोन।

3–01 बोलेरो वाहन आदि।

- **<u>जनपद कुशीनगर/थाना तमकुहीराज (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 50 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद कुशीनगर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद कुशीनगर द्वारा थाना तमकुहीराज पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त गोविन्द कुमार को आजीवन कारावास व 50 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

| |
|---|
| प्रेस नोट–208 / 2026 |
| दिनांक 15.04.2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**"उत्तर प्रदेश पुलिस का AI की ओर बड़ा कदम: TS मुख्यालय और ज़ेनिथ स्कूल ऑफ AI के बीच ऐतिहासिक MoU"**

- **"डिजिटल पुलिसिंग को मिलेगा नया आयाम: 16 सप्ताह का AI प्रशिक्षण कार्यक्रम"**
- **"तकनीक से सशक्त होगी यूपी पुलिस: AI, क्लाउड और सॉफ्टवेयर ट्रेनिंग हेतु साझेदारी"**

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 **श्री राजीव कृष्ण** के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश पुलिस की तकनीकी एवं डिजिटल क्षमताओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए **उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवाएँ मुख्यालय (TS HQrs), लखनऊ** तथा **ज़ेनिथ स्कूल ऑफ एआई, नई दिल्ली** के मध्य आज दिनांक 15 अप्रैल 2026 को एक समझौता ज्ञापन (MoU) हस्ताक्षरित किया गया। इस समझौते का उद्देश्य उत्तर प्रदेश पुलिस कार्मिकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, आधुनिक सॉफ्टवेयर प्रणालियों, API, Cloud Computing तथा अन्य उभरती तकनीकों में संरचित प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है।

MoU के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 सप्ताह की अवधि का होगा, जिसमें कुल 32 सत्र आयोजित किए जाएंगे। ज़ेनिथ स्कूल ऑफ एआई द्वारा इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश पुलिस के चयनित 50 कार्मिकों एवं 10 अधिकारियों को प्रशिक्षित करेगा, जिससे वे AI और सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी के आधुनिक उपयोगों को समझकर अपने कार्य में और अधिक दक्ष बन सकें।

इस सहयोग के माध्यम से पुलिस कार्मिकों को एआई एवं डिजिटल प्रौद्योगिकियों का व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त होगा, जिससे संगठन की कार्यकुशलता और नवाचार क्षमता में वृद्धि होगी।

इसी दिशा में अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवाएँ **श्री नवीन अरोरा** एवं ज़ेनिथ स्कूल ऑफ एआई के **श्री अनूप गर्ग** द्वारा MoU (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर कर औपचारिक रूप प्रदान किया गया । इसे मूर्त रूप देने में **DIG तकनीकी सेवाएं श्री आशीष तिवारी** ने सार्थक भूमिका निभाई है ।


सत्यमेव जयते
उत्तर प्रदेश पुलिस
Zenith
School of AI
ZENITH SCHOOL OF AI
UTTAR PRADESH POLICE
TECHNICAL SERVICES HQ
(TSHq)